# एनटीपीसी लिमिटेड

एनटीपीसी
NTPC

(भारत सरकार का उद्यम)


एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7, इंस्टीटयूशनल एरिया,
लोदी रोड, नई दिल्ली–110003, वेबसाइटः www.ntpc.co.in
सीआईएनः L40101DL1975GOI007966


## विज्ञापन संख्या 05/25

एनटीपीसी लिमिटेड 77393 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और ऊर्जा उत्पादन व्यवसाय की पूरी मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति रखती है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावॉट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एनटीपीसी को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **नियत अवधि आधार** पर **वित्त** में **अनुभवी उम्मीदवारों** की आवश्यकता हैः

**I. पद का नाम : एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–इंटर.)– 50 पद**

**योग्यता आवश्यकताः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक और सीए/सीएमए इंटरमीडिएट।

**अनुभव आवश्यकताः** वित्त/लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष कार्य का अनुभव (आर्टिकलशिप के पश्चात)।

**ऊपरी आयु सीमा : 30 वर्ष**

**पारिश्रमिकः** मासिक समेकित राशि रु.71000/–। इसके अतिरिक्त, एचआरए, प्रतिधारण लाभ और स्वयं, पति/पत्नी, दो बच्चों तथा आश्रित माता–पिता के लिए चिकित्सा सुविधा।

**II. पद का नामः एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–बी)– 20 पद**

**योग्यता आवश्यकताः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक और सीए/सीएमए योग्यता।

**अनुभव आवश्यकताः** वित्त/लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष कार्य का अनुभव (आर्टिकलशिप के पश्चात)।

**ऊपरी आयु सीमाः 35 वर्ष**

**पारिश्रमिकः** मासिक समेकित राशि रु.90000/–। इसके अतिरिक्त, एचआरए, प्रतिधारण लाभ और स्वयं, पति/पत्नी, दो बच्चों तथा आश्रित माता–पिता के लिए चिकित्सा सुविधा।

**III. पद का नामः एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–ए), 10 पद**

**योग्यता आवश्यकताः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक और सीए/सीएमए योग्यता।

**अनुभव आवश्यकताः** वित्त/लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष कार्य का अनुभव (आर्टिकलशिप के पश्चात)।

**ऊपरी आयु सीमाः 40 वर्ष**

**पारिश्रमिकः** मासिक समेकित राशि रु.125000/–। इसके अतिरिक्त, एचआरए, प्रतिधारण लाभ और स्वयं, पति/पत्नी, दो बच्चों तथा आश्रित माता–पिता के लिए चिकित्सा सुविधा।

**आरक्षणः**

| क्र. सं. | पद का नाम | पद की सं. | रिक्तियां | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | ईडब्ल्यूएस | अपिव | अजा | अजजा |
| I | एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–इंटर.) | 50 | 22 | 05 | 13 | 07 | 03 |
| II | एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–बी) | 20 | 10 | 01 | 05 | 03 | 01 |
| III | एग्जीक्यूटिव (वित्त सीए/सीएमए–ए) | 10 | 06 | 01 | 02 | 01 | – |

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

ऊपर बताई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकानुसार बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

**उपरोक्त सभी पदों के लिए मान्यः**

(i) **नियुक्ति की अवधि** – 3 वर्ष (आवश्यकता/कार्यप्रदर्शन के आधार पर 2 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है)

(ii) **दिव्यांगता के पहचाने गए प्रकारः** क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (ग) शामिल हैं।

(iii) **स्वास्थ्यः** नियुक्ति से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड/अधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा और उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं। इसलिए सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले चिकित्सा मानकों को पढ़ लें।

### दस्तावेज़ अपलोड करनाः

आवेदन करते समय सभी उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगेः

i. नाम और जन्मतिथि प्रमाण के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/मार्कशीट।

ii. आधार कार्ड और पैन कार्ड।

iii. सभी मार्कशीट के साथ ग्रेजुएशन प्रोविजनल/फाइनल डिग्री (लागू अनुसार)।

iv. सभी मार्कशीट के साथ सीए/सीएमए का फाइनल/इंटरमीडिएट सर्टिफिकेट (लागू अनुसार)।

v. जाति/दिव्यांगता प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/अपिव–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए), जो लागू हो। अपिव–एनसीएल प्रमाण पत्र केंद्रीय प्रारूप में वर्तमान वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024–25) के लिए हो।

vi. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को वर्तमान वर्ष का आय और संपत्ति प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा अर्थात् यह प्रमाणपत्र वित्त वर्ष 2023–24 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2024–25 के लिए मान्य हो।

vii. दिव्यांगता प्रमाणपत्र इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए निर्धारित दिव्यांगता के अनुसार **स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल** पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप में ऑनलाइन जनरेट किया गया हो (जिसमें विकलांगता का प्रकार और प्रतिशत स्पष्ट किया गया हो)।

viii. आपके **अनुभव** के समर्थन में दस्तावेज़ **(आर्टिकलशिप अवधि के पश्चात)** – वर्तमान नियोक्ता से कार्यमुक्ति पत्र (यदि लागू हो), अनुभव/सेवा प्रमाणपत्र (हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध नमूना) जिसमें अनुभव की प्रकृति का संकेत हो, ऑफर पत्र, नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण/इंटर्नशिप (यदि कोई हो) के पूरा होने पर पुष्टिकरण पत्र/आदेश (यदि कोई हो), पदोन्नति आदेश, कार्यकाल को प्रमाणित करने के लिए प्रति वर्ष की 02 पे–स्लिप। सभी अनुभव दस्तावेज़ कालानुक्रमिक क्रम में अपलोड किए जाने चाहिए।

**नोट– उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज आवश्यक रूप से अपलोड करने चाहिए। अपूर्ण/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किए जा सकते हैं।**

### सामान्य शर्तेः

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने योग्य हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त हों।
3. आयु/आवश्यक अनुभव/योग्यता सभी के आकलन विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार किए जाएंगे। योग्यता प्राप्त करने की तिथि वही मानी जाएगी जो परिणाम घोषित करने/मार्कशीट जारी करने की तिथि होगी और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। योग्यता प्राप्त करने के बाद किसी पद/स्तर पर कार्य करने के अनुभव की गणना केवल उपरोक्त तिथियों से ही की जाएगी।
4. किसी विशेष श्रेणी का होने संबंधी दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त वैध ईडब्ल्यूएस/अपिव/अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र होना चाहिए। ऐसी श्रेणी के लिए रिक्त पद का पता लगने पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाती है। पूर्व सैनिकों को सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। क्रम संख्या (III) में उल्लिखित पद के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी के उम्मीदवारों को कुल आवश्यक अनुभव में 01 वर्ष की छूट दी जाएगी।
5. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, प्रबंधन को यह अधिकार है कि आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग/स्क्रीनिंग (योग्यता, अनुभव आदि के आधार पर), लिखित/कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा, साक्षात्कार आदि सहित कई स्तरों पर स्क्रीनिंग करे या आवश्यकता के अनुसार योग्यता के न्यूनतम स्तरों/मानकों को उच्च स्तरीय कर दे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय परीक्षा केंद्र के लिए अपनी पसंद बतानी होगी। एनटीपीसी के पास आवेदन/व्यवहार्यता के आधार पर परीक्षा केंद्र बदलने का अधिकार है।
6. कम्पनी को यह अधिकार है कि आवश्यकता के अनुसार, अतिरिक्त सूचना दिए बिना और कारण बताए बिना, यदि आवश्यक हो, तो इस रिक्ति को रद्द कर दे/रिक्त पदों की संख्या सीमित/कम/अधिक कर दे।
7. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सब्सिडियरी में हो सकती है। प्रबंधन के पूर्ण विवेक से सभी पद स्थानांतरणीय हैं।
8. आवेदक इस पद के लिए आवेदन करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि वे निर्दिष्ट तिथियों में योग्यता के उपरोक्त मानकों और अन्य मानकों को पूरा करते हैं और उनके दिए गए विवरण सभी मामलों में सही हैं। यदि नियुक्ति के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार योग्यता मानकों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी अपने–आप रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त विवरणों में कोई भी कमी पाई जाती है तो ऐसे उम्मीदवार की सेवाएं बिना किसी नोटिस समाप्त की जा सकती है। किसी तरह की पैरवी करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
9. यदि किसी उम्मीदवार ने इस विज्ञापन के लिए आवेदन किया और वह विज्ञापन में निर्धारित मानकों को स्पष्ट रूप से पूरा करता है, सिर्फ इस तथ्य के आधार पर उसे साक्षात्कार/चयन की अगली प्रक्रिया में आमंत्रित किए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलता है।
10. इस विज्ञापन और/या इसके लिए किए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही की जा सकती है और ऐसे किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई का एकाधिकार और एकमात्र अधिकार दिल्ली स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास होगा।
11. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण यदि कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

### आवेदन की प्रक्रिया

इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉगइन कर या **www.ntpc.co.in** पर करियर सेक्शन में जाकर आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम/रूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों का निजी वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के वापस लौट जाने के प्रति एनटीपीसी की कोई ज़िम्मेदारी नहीं है।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव श्रेणी के उम्मीदवारों को ₹300 का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क देना होगा। **अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।**

**ऑफ़लाइन माध्यम से भुगतान** – एनटीपीसी की ओर से आवेदन शुल्क जमा करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत करके इसकी सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में एक विशेष खाता **(खाता सं. 30987919993)** खोला गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल से प्राप्त "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ नज़दीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से प्रिंट की गई इस पे–इन–स्लिप का उपयोग सिर्फ इसलिए करना है ताकि यह शुल्क राशि सिर्फ सुनिश्चित खाते में जमा हो। बैंक यह राशि प्राप्त होने के बाद एक यूनिक जर्नल नंबर और राशि प्राप्तकर्ता बैंक शाखा कोड जारी करेगा। आवेदक यह जर्नल नंबर और शाखा कोड ऑनलाइन आवेदन में दर्ज करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो इसके प्रति एनटीपीसी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**ऑनलाइन भुगतानः** उम्मीदवारों के पास इस शुल्क के ऑनलाइन भुगतान का भी विकल्प है (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से)। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

**शुल्क भुगतान करने के बाद किसी भी परिस्थिति में यह वापस नहीं किया जाएगा।** इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे योग्यता मानकों को पूरा करते हैं। **उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने के बाद सिस्टम से जनरेट की गई आवेदन की पर्ची यूनिक आवेदन संख्या के साथ डाउनलोड कर लें।** भविष्य में संदर्भ के लिए उम्मीदवार आवेदन की पर्ची की एक प्रति सुरक्षित रख सकते हैं। हमें डाक से कोई भी दस्तावेज़ भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि इस पद के लिए आवेदन करते समय योग्यता प्राप्त उम्मीदवार पूरा विज्ञापन पढ़ें और उल्लिखित सभी शर्तों से सहमत हों। इस संबंध में कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अपडेट सिर्फ हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथिः 05.03.2025**
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 19.03.2025**

**भारत के विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

**Size: 25cms (w) x 38cms (h)**